# झारखण्ड देखो
# Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 316 • पृष्ठ 6 • शुक्रवार 26 नवंबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com









## संक्षिप्त समाचार

### बंटवारे को खत्म करके ही दूर होगा देश विभाजन का दर्दः मोहन भागवत

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक ( संघ प्रमुख ) मोहन भागवत ने कहा है कि भारत के विभाजन की पीड़ा का समाधान बंटवारे को निरस्त करना ही है। भागवत ने गुरुवार को नोएडा में कृष्णा नंद सागर लिखित पुस्तक 'विभाजनकालीन भारत के साक्षी के लोकार्पण' समारोह के दौरान अपने संबोधन में कहा कि यह 2021 का भारत है, 1947 का नहीं। एक बार विभाजन हो चुका है अब दोबारा नहीं होगा। जो ऐसा सोचते हैं, उनके खुद खंडित हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि भारत की विचारधारा सबको साथ लेकर चलने वाली है। यह अपने को सही और दूसरों को गलत मानने वाली विचारधारा नहीं है। इस्लामिक आक्रांताओं की सोच इसके विपरीत दूसरों को गलत और अपने को सही मानने वाला थी। पूर्व में यही संघर्ष का मुख्य कारण था। अंग्रेजों की सोच भी ऐसी थी और उन्होंने 1857 के विद्रोह के बाद हिंदू-मुस्लिम के बीच विघटन को बढ़ावा दिया।

## सुविचार

लगातार अच्छे विचार सोचते रहना ही बुरे विचारों को दबाने का एकमात्र तरीका यही है।

● **स्वामी विवेकानंद**

## बिज़नेस

| | |
|---|---|
| बीएसई सेंसेक्स | 58,795.09+454.10 (0.78%) |
| निफ्टी | 17,536.25+121.20 (0.70%) |


## दैनिक पंचाग

सूर्योदयः 06:52 ए एम
सूर्यास्तः 05:24 पी एम
तिथिः सप्तमी - 05:43 ए एम, नवम्बर 27 तक
नक्षत्रः अश्लेशा - 08:37 पी एम तक
योगः ब्रह्म - 08:03 ए एम तक
करणः विष्टि - 05:17 पी एम तक
द्वितीय करणः बव - 05:43 ए एम, नवम्बर 27 तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः शुक्रवार

## मेघालय में कांग्रेस को तगड़ा झटका...

# कांग्रेस के 17 में से 12 विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल

**मेघालय/एजेंसी।**



कांग्रेस ने मेघालय में पार्टी के कई विधायकों के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की पृष्ठभूमि में गुरुवार को ममता बनर्जी नीत पार्टी पर तीखा प्रहार किया। आरोप लगाया कि ऐसी पार्टियां भाजपा की प्रतिनिधि हैं। इनके 'षड्यंत्र' का मकसद देश की सबसे पुरानी पार्टी को कमजोर और केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को मजबूत करना है।

मेघालय में कांग्रेस के 12 विधायकों के टीएमसी में शामिल होने पर वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'यह एक साजिश की तरह हो रहा है। हमारी पार्टी के लोग, खासकर राहुल गांधी और आलाकमान के अन्य लोग इसे देख रहे हैं। वे निर्णय लेंगे।'

हालांकि, उन्होंने कहा कि संसद में बीजेपी को हराने और उनकी विचारधारा के खिलाफ लड़ने के लिए वे एक साथ आने की कोशिश करेंगे। फिर चाहे वे किसी भी पार्टी या विचारधारा के हों। वे मिलकर भाजपा के खिलाफ लड़ते रहेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा, 'हम कृषि कानूनों के मुद्दे पर लड़ेंगे। हमने 15-16 मुद्दों की एक सूची भी तैयार की है, जिन पर हम एक समझौते पर आ सकते हैं और हम संसद में एकता से लड़ेंगे।'

वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि जनता से जुड़े प्रमुख मुद्दों को सिर्फ कांग्रेस और राहुल गांधी ने उठाया है, लेकिन ये पार्टियां चाहती हैं कि भाजपा को कठघरे में नहीं खड़ा किया जाए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''देश का कोई मुद्दा हो, चाहे वो चीन का मुद्दा हो, कृषि कानून का मुद्दा हो, महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा हो, इन पर लड़ाई कौन लड़ रहा है? कांग्रेस, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर कोई चाहता है कि इन मुद्दों पर सवाल नहीं पूछे जाएं और भाजपा को कटघरे में नहीं खड़ा किया जाए, तो उनके इस षड्यंत्र का एक ही मकसद है कि कांग्रेस को कमजोर करो और भाजपा को मजबूत करो। तृणमूल यही कर रही है।'' वल्लभ ने आरोप लगाया, ''जो लोग यह काम कर रहे हैं, उससे सिर्फ भाजपा का फायदा हो रहा है। जो भी क्षेत्रीय दल ऐसा कर रहे हैं वो भाजपा के प्रॉक्सी (प्रतिनिधि) हैं, भाजपा के साथ खड़े हुए हैं।''उन्होंने कहा कि जिनमें वैचारिक प्रतिबद्धता की कमी है, वही कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं।

## अपने गढ़ में करीबी मेयर की कुर्सी नहीं बचा सके अमरिंदर सिंह

**पटियाला/एजेंसी।**



कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को उनके गढ़ पटियाला में ही मात दे दी। मुख्यमंत्री पद और कांग्रेस से इस्तीफा देकर नई पार्टी बना लेने के बाद अमरिंदर सिंह का यह पहला इम्तिहान था जिसमें कांग्रेस ने उनको पछाड़ दिया। अमरिंदर सिंह अपने करीबी संजीव कुमार बिट्टू की मेयर की कुर्सी बचाने के लिए वीरवार को खास तौर से पटियाला पहुंचे थे। लेकिन बिट्टू 25 के मुकाबले 36 वोट से हार गए। नगर निगम दफ्तर में भारी हंगामे और घमासान के बीच वीरवार शाम को हुई जनरल हाउस मीटिंग में मेयर संजीव शर्मा बिट्टू जरूरी विश्वास मत हासिल नहीं कर सके और उन्हें पद से सस्पेंड कर दिया गया।


## आवश्यकता



झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136


## राकेश टिकैत ने ओवैसी को बताया बेलगाम सांड

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**



भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी को बेलगाम सांड बताया है। हैदराबाद में किसानों के एक सम्मेलन में टिकैत ने कहा कि बिना नाम लिए कहा कि वह देशभर में बीजेपी की मदद करते हैं। किसान नेता ने लोगों से कहा कि उन्हें हैदराबाद में ही बांधकर रखें।

राकेश टिकैत ने कहा, "एक आपके यहां का बेलगाम बिना नाथ वाला सांड आपने छोड़ दिया है, बीजेपी की मदद करता घूम रहा है। उसको यहीं बांधकर रखो। वह देश में सबसे ज्यादा बीजेपी की मदद करता है। उसको यहां से बाहर मत जाने दो। वह बोलता कुछ और है उसका मकसद कुछ और है। यह जांच कर लेना। उसको बांध कर यहीं रखो। उसको हैदराबाद तेलंगाना से बाहर मत निकलने दो।"






## पीएम मोदी ने जेवर एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

# दिल्ली-एनसीआर और यूपी के करोड़ों लोगों का होगा लाभ : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**



जेवर में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे। 6200 हेक्टेयर में यह एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। खास बात यह कि यह प्रदूषण से मुक्त होगा और यूपी का पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट के शिलान्यास के बाद प्रदर्शनी देखेंगे। इसमें एयरपोर्ट की विकास यात्रा के बारे में फिल्म भी दिखाई जाएगी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के चलते पुलिस आज सुबह से ही सतर्क है और विरोध का एलान करने वालों को सुबह से ही उनके घर में नजरबंद कर रखा है। वहीं कई बसें भी जेवर कस्बे के लोगों को लाने के लिए तैनात रहीं।

पीएम ने कहा, यह एयरपोर्ट एक्सपोर्ट के लिए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सीधा जुड़ेगा। छोटे किसान यहां से सीधे जल्द खराब होने वाले वस्तुओं को सीधे एक्सपोर्ट कर सकेंगे। सभी आसपास के जिलों को एक्सपोर्ट के लिए बहुत लाभ होगा। हवाई अड्डे के निर्माण के दौरान सुचारू रूप से चलाने के लिए हजारों लोगों की जरूरत होती है जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा। हमने इस सोच को बदला कि दिल्ली में एयरपोर्ट है लेकिन अन्य आसपास के जिलों को भी एयरपोर्ट चाहिए। एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से टूरिज्म बढ़ता है। जैसे माता वैष्णो देवी और चारधाम में हेलिकॉप्टर सेवा आने से वहां टूरिज्म बढ़ा है। आजादी के सात दशक बाद यूपी को वो मिलना शुरू हुआ है जिसका वो हकदार रहा है। डबल इंजन की सरकार से यूपी देश का सबसे विकसित राज्य बन रहा है। रैपिड रेल कॉरिडोर हो, मेट्रो रेल कनेक्टिविटी हो, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर हों यह आधुनिक यूपी की नई पहचान बन रहे हैं। यूपी को ताने सुनने के लिए मजबूर कर दिया गया था। कभी गरीबी, कभी उद्योगों के अभाव के ताने, खराब सड़कों के ताने, अपराध के ताने। यूपी के लोगों का यही सवाल था कि क्या कभी यहां की सकारात्मक छवि बन पाएगी कि नहीं। पहले की सरकार ने यूपी में जो अभाव अंधकार बनाए रखा, झूठे सपने दिखाए, वही यूपी आज अंतरराष्ट्रीय छाप छोड़ रहा है। पीएम ने कहा कि नोएडा पूरे उत्तर भारत का लॉजिस्टिक गेटवे बनेगा।

आज जिस तेजी से एविएशन क्षेत्र में बढ़ोतरी हो रही है उनके लिए भी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की बहुत बड़ी भूमिका होगी। यह एयरपोर्ट विमानों के रखरखाव, देखभाल व मेंटेनेंस का केंद्र बनेगा, जो देश-विदेश के विमानों को सेवा देगी और देश के युवाओं को रोजगार देगी। आज भी हम अपने 85 प्रतिशत विमानों को एमआरओ सेवा के लिए विदेश भेजते हैं जिसमें 15000 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। जिसका अधिकांश हिस्सा दूसरे देशों को जाता है लेकिन ये एयरपोर्ट इस स्थिति को भी बदलने में मदद करेगा। इस एयरपोर्ट के माध्यम से मल्टीमोडिय कार्गो हब की भी संकल्पना [illegible] ये जानते हैं [illegible] सीमा समुद्र से सट होती है उनके लिए




JOB

Immediately Required
Franchise / Mitr Sewak
for working on following services on commission basis:-

- Amazon Easy store
- Mitr Digi Portal ( AEPS, , DMT, ATM, RECHARGE, BILL PAYMENTS etc.)
- Online Bima for all major Bima Companies
- Online E-Store for E-Commerce
- Mutual fund, Tax filling, NPS, Share, Demat / online Trading
- Othere services

Registration Charges 2000+GST

Income opportunity of Rs. 40,000-60,000 with les investment

Mitr Sewa Pvt. Ltd.
Vikas Sabke Dwaar

Immediately contact
Shri : Manoj Kumar
Post : Area Manager, Mitr Sewa Foundations
Mob : 9151005283, 9006469840
Email : manoj.kumar@mitrsewa.in

## संक्षिप्त समाचार

### आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुक को मिला ग्रीन राशन कार्ड



**दुमका।** योग्य लाभुकों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने तथा सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आपके अधिकार-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।आपके अधिकार-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान जामा प्रखंड के आसनसोल पंचायत के आनन्दी देवी गड़गाड़िया गाँव,अंजलि देवी महुआटांड गांव,पीपा देवी गेन्दुआ मारनी गाँव तथा लाल बानो बीवी गेन्दुआ मारनी गाँव को ग्रीन राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया। सभी ने एक स्वर में सरकार तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद कहा।लाभुकों ने कहा कि सुनती थी,सरकारी लाभ पाना आसान नहीं लेकिन घर के द्वार पर आकर प्रशासन ने दिया सरकारी लाभ हम सभी को दिया है।अपने आस पास के लोगों को भी बताऊंगी ताकि वे भी सरकारी लाभ ले सकें। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लाभुकों के बीच सिंचाई कूप, गाय सेड, जॉब कार्ड, कंबल आदि का वितरण किया गया। लाभुकों ने कहा सरकार और जिला प्रशासन का यह प्रयास हम सभी के जीवन मे परिवर्तन लाने का कार्य करेगा।

### अंडर 16 क्रिकेट टीम के गठन हेतु ट्रायल के लिए दुमका के 25 खिलाड़ी चयनित



**दुमका।** दुमका की अंडर 16 टीम के गठन के लिए झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का चयन ट्रायल के लिए दुमका के लिए 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रथम चरण के ट्रायल में 25 खिलाड़ियों चयन किया गया है। टीम के अनुसार हर्ष सिन्हा, सचिन पॉल, सचिन मुंडा, आशुतोष आनंद, अर्णव हिमवान, विभु कुमार,शुभम मंडल,चैतन्य वीर, ऋषि शर्मा, देव राउत, आयुष सिंह, रोहित रंजन,शुभम ठाकुर, योगदेव अनिरुद्ध,जीत शर्मा, जय गिरिया, यश पोद्दार, राजेंद्र कुमार रॉय, कुमार, दीपराज, दिव्य मिश्रा,विमल किस्कू, सुमित कुमार, कुणाल कुमार, आर्य चक्रवर्ती शामिल है. इसकी जानकारी जिला क्रिकेट संघ के सचिव ललित पाठक ने दिया।

### कांग्रेस ने चलाया जन जागरण अभियान



**दुमका।** शिवगोपाल मंदिर के समीप विश्ववेशर तालाब मोड़ पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अलीमाम वर्फ टिंकू के अध्यक्षता में जनजागरण अभियान चला लोगो को सदस्यता ग्रहण कराया। इस अवसर पर जिला महासचिव महेशराम चंद्रवंशी, शेखर सिन्हा, मीठू यादव आदि उपस्थित थे।

# भाजपा जनहित के मुद्दों पर हमेशा जनता के साथ खड़ी है : डॉ लुईस मरांडी

**दुमका।**









भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दुमका जिला अंतर्गत दुमका नगर में अवस्थित पेट्रोल पंप पर पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी के अध्यक्षता में राज्य सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों पर वेट नहीं कम करने के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश के उपाध्यक्ष विनोद शर्मा उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के इस हस्ताक्षर अभियान को अपार जनसमर्थन प्राप्त हुआ, मौके पर डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि यह जन जन का मुद्दा है, नरेंद्र मोदी की इस कल्याणकारी सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर अपना टैक्स कम कर देश के लोगों को राहत देने का काम किया है ऐसे राज्य जहां भाजपा की सरकार चल रही है वैसे राज्यों की सरकार द्वारा राज्य सरकार को मिलने वाले टैक्स की राशि में कटौती की गई है एवं राज्य एवं केंद्र सरकार ने वैसे राज्यों में सम्मिलित रूप से जनता को राहत देने का काम किया है. कुछ गैर भाजपा शासित राज्य ने भी सरकार की सराहना करते हुए अपने राज्यों में टैक्स कम किए हैं परंतु झारखंड की हेमंत सरकार ने सिर्फ और सिर्फ अपनी झोली भरने का काम किया है। जनता को कैसे राहत मिले इससे इन्हें कोई लेना-देना नहीं। बिना रोड मैप और बगैर किसी सोच के यह सरकार राज्य एवं राज्य वासियों को विनाश की ओर ले जा रही है.उन्होंने कहा किस हस्ताक्षर अभियान से भारतीय जनता पार्टी इस गूंगी बहरी सरकार के कान में जनता की आवाज को पहुंचाने का प्रयास कर रही है.भाजपा जनहित के मुद्दों पर हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। अगर इस प्रयास से भी सरकार कि निंद्रा भांग नहीं होती तो निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनता के हित को सर्वोपरि मानते हुए जन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। उन्होंने इस अभियान से जुड़ने के लिए दुमका की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अमिता रक्षित, मुकेश अग्रवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित रक्षित महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीतू झा, रामअवतार भालोटीया, अजय पाठक, प्रदीप मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना मिश्रा, रंजना उपाध्याय, अर्पणा झा, दीपेन झा, मनोज रक्षित, सुनील गुप्ता, विवेकानंद राय, अजय गुप्ता, राजीव मिश्रा, प्रशांत दास, पंकज वर्मा, कुणाल झा, नवल किस्कू, राजू गुप्ता, चंदन कुमार, संजय केसरी, मनोज मंडल, मंटू ठाकुर, राम मंडल , राजू कुमार, रवि जी, संतोष कुमार लल्ला, जयंत साहा, सुमित पटवारी, सूरज कुमार, अभिषेक, विशाल, अमनजीत, रंजीत, रितिक, करन आदि शामिल हुए .वंही जामा प्रखंड के महारो में दुमका सांसद सुनील सोरेन ने हस्ताक्षर अभियान चलाया.

## संताल परगना महाविद्यालय में सामाजिक सौहार्द सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित

**दुमका**



गुरुवार संताल परगना महाविद्यालय दुमका के प्रांगण में प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने स्वर्गीय लाल बाबा हेंब्रम के स्मारक पर मोमबत्ती प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर सामाजिक सौहार्द सप्ताह के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई-12(बी एड संकाय) के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में बीएड संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार दुबे ने सामाजिक सौहार्द के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा देश भारत, अनेकता में एकता का देश है, तथा साथ ही शांति में ही समृद्धि है, इसलिए हम सबों को मिल जुल कर रहना चाहिए तथा एक दूसरे के प्रति सौहार्द की भावना बनाये रखनी चाहिए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यादव ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व एवं सामाजिक सौहार्द पर बल दिया। इस कार्यक्रम में सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के अंग्रेजी विभाग के डॉ राजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि श्री विवेक कुमार सिन्हा, संताल परगना महाविद्यालय के बर्शर डॉ शंभू प्रसाद सिंह, प्रो योगेंद्र मुर्मू, प्रो धर्मनाथ, प्रो बसंती सोरेन, डॉ यदुवंश यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में बीएड संकाय सहित संताल परगना महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं ने भाग लिया.

## दोबारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**दुमका।**

चेतावनी के बावजूद फुटपाथ से दुकान नहीं समेटने पर गुरुवार को दोबारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बस स्टैंड के पास लगाये गए फल दुकानों पर चलाया गया बुलडोजर। वंही शहर में चलें अतिक्रमण मुक्त अभियान के बावजूद डॉ ए के दास रोड पर हो रहा है अतिक्रमण। अधिकतर दवा दुकान के मालिक अपना बोर्ड सीमा से अधिक बढ़ा देते हैं। अभियान में एसडीओ महेश्वर महतो, एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी एवं थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार आदि मौजूद थे

# रौशन मंडल को मिला व्हील चेयर, जब व्हील चेयर पर सवार हुए तो उनके चेहरे खिल उठे

**दुमका**



आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य सफल हो, इसके लिए प्रशासन कर रही हैं सकारात्मक पहल.23 वर्षीय रौशन मंडल काठीकुंड प्रखंड अंतर्गत तेलियाचाक के रहने वाले है। उनके परिवार में उनकी माँ तथा बड़े भाई है। रौशन मंडल पूरी तेरह से दिव्यांग है और चलने में असमर्थ है। राज्य सरकार की संचालित महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार से रौशन मंडल को काफी उम्मीदें है। उन्हें लगता है कि सरकार गरीबों की आवाज़ बनेगी और उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ दे देगी। आज उनका सपना साकार हो गया, जब जिला प्रशासन की टीम ने अचानक उनके घर पहुंच उन्हें व्हीलचेयर से लाभान्वित किया। जब रौशन मंडल व्हीलचेयर पर सवार हुए तो उनके चेहरे खिल उठे, उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने राज्य सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय हो कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन दुमका जिला अंतर्गत पंचायत स्तरीय शिविरों के माध्यम से किया जा रहा है। जहां सुदूर इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को उनके पंचायत में जाकर उन्हें योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरुवार को तेलियाचक पंचायत में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में पहुंचकर रौशन मंडल के बड़े भाई अधिकारियों से मिलकर अपने भाई (रौशन मंडल) के बारे में बताया। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए रौशन मंडल के बड़े भाई से पूछा कि उनके भाई अभी कहा है। उन्होंने बताया कि रौशन मंडल पूरी तरह से दिव्यांग है जिस वजह से वो शिविर आने में असक्षम है। यह सुनते ही उपस्थित अधिकारियों व्हील चेयर लेकर रौशन मंडल के घर यानी तेलियाचक पहुंचे। रौशन मंडल एवं उनके घर वाले प्रखंड प्रशासन से आए अधिकारी एवं कर्मियों को अपने घर में देखकर काफी खुश हो गए। अधिकारियों ने उनके परिवार वालो का ढाढस बढ़ते हुए कहा कि रौशन के लिए सरकार हर संभव मदद करेगी इसलिए प्रशासन की टीम आपके घर आई है। इसके उपरांत प्रखंड विकास अधिकारी ने रौशन मंडल को व्हील चेयर प्रदान किया। व्हील चेयर मिलते ही रौशन मंडल काफी उत्साहित हुए। उनके परिजनों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज सरकार द्वारा आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जो तोहफा रौशन को मिला है इससे इसके जीवन में काफी बदलाव देखने को मिलेगा।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने अंचल कार्यालय जरमुंडी का किया निरीक्षण

## आयुक्त ने बिंदिया देवी की सुनी गुहार, प्रभारी सीआई को सीआई पद से हटाने का दिया निर्देश

दुमका

प्रमंडलीय आयुक्त चंद्र मोहन प्रसाद कश्यप ने अंचल कार्यालय, जरमुंडी का निरीक्षण किया। प्रमंडलीय आयुक्त का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में आयुक्त ने हल्का कचहरी का किराया समय से नहीं वसूलने पर अंचलाधिकारी जरमुंडी के वेतन से वसूलने का निर्देश दिया। सीओ को समय-समय पर हल्का कचहरी निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दाखिल खारिज के लिए प्रचार प्रसार करें। कैंप लगाकर आम लोगों को सूचना दें। उत्तराधिकारी का दाखिल खारिज नहीं होने पर आयुक्त ने एलआरडीसी को निर्देश दिया कि समय-समय पर आप इसकी मॉनिटरिंग करते रहें। कमजोड़ राजस्व वसूलने वाले अंचल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

राजस्व कैंप का आयोजन किया जाए ताकि सरकार का राजस्व वसूली की जाए ,राजस्व में बढ़ोतरी हो। इस दौरान आयुक्त ने मोटेशन रजिस्टर, सीमांकन पंजी व्यवस्थित रूप से संधारित करने का निर्देश दिया।



निरीक्षण के क्रम में बासुकीनाथ निवासी बिंदिया देवी, पति स्व. पवन पंडा अपनी भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर घर निर्माण करने की शिकायत लेकर आयुक्त के समक्ष पहुंची। पूर्व में उक्त मामले पर आयुक्त द्वारा भूमि की सीमांकन कराने हेतु अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया था बावजूद इसके उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके लिए आयुक्त ने प्रभारी सीआई पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर सीआई के पद से हटाने का निर्देश सीओ को दिया। आयुक्त ने निर्देश दिया कि भूमि पर जो भी अवैध कब्जा कर घर बना रहा है उस पर तत्काल रोक लगाया जाए। इस मामले में उन्होंने ने कहा कि सीओ पर भी नियमानुसार कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग झारखंड सरकार को चिट्ठी दी जाएगी। उपायुक्त को सीओ पर पर प्रपत्र 'क' गठन करने हेतु आदेश भेजा जाए।भू-लगान वसूली में खराब प्रदर्शन देखते हुए आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की।उन्होंने कहा कि थोड़ा प्रयास करेंगे तो सरकार का पैसा वसूला जा सकता है। समय समय पर विवाद वार खोलकर लोगों की समस्याओं को निष्पादन करने का निदेश दिया। राजस्व वसूली में 11 एवं 12 के हल्का कर्मचारी का प्रदर्शन खराब देखते हुए उन्होंने राजस्व में बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया।इस माह में एक भी नीलाम पत्र वाद वसूली नहीं करने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि गरीब तबके के लोगों की सहायता हेतु सरकार पारिवारिक लाभ योजना के तहत राशि देती है। आप उसका उपयोग गरीबों की सहायता में करें।

बंद योजनाओं की राशि को सरेंडर करने का निर्देश दिया। अंचल के सभी खाते को करंट अकाउंट से हटाकर सेविंग अकाउंट कराने का निर्देश दिया। अतिक्रमण से संबंधित मामले का अनुपालन समय-समय पर होते रहे। निरीक्षण के क्रम में आयुक्त के सचिव सह एलआरडीसी बिनय मनीष आर लकड़ा, अंचलाधिकारी राजकुमार प्रसाद सहित अंचल के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्धारित समय सीमा के अन्दर दावा / आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा

**दुमका।** उपायुक्त ने कहा कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, दुमका के अधीन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सफल कार्यान्वयन हेतु ₹प्रखंड समन्वयक₹ के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन की मांग की गई थी। अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं भरे गये ऑनलाईन आवेदन की सूची 1 नवंबर को प्रकाशित कर 5 नवंबर . के अप0 04:00 बजे तक प्रकाशित सूची के आलोक में दावा / आपत्ति आमंत्रित किया गया। पुनः प्राप्त आपत्ति का निराकरण करते हुए 09 नवंबर को निराकरण उपरान्त स्वच्छ सूची का प्रकाशन करते हुए 10 नवंबर के अप 03:00 बजे तक प्रकाशित सूची के आलोक में दावा / आपत्ति प्राप्त किया गया। प्रखंड समन्वयक₹ के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु 10 नवंबर के अपङ्क 03:00 बजे तक प्राप्त आपत्ति के निराकरण उपरान्त औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गई है जिसका प्रकाशन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, दुमका के सूचना पट्ट एवं एन०आई०सी०, दुमका के वेबसाईट दुमका डॉट एनआईसी डॉट इन पर किया गया है। वर्तमान में प्रकाशित सूची में अभ्यर्थियों को यदि कोई दावा / आपत्ति हो, तो वे अपना दावा / आपत्ति 28 नवंबर के पूर्वा0 11:00 बजे तक ई-मेल / डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, दुमका में साक्ष्य सहित आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के अन्दर दावा / आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी को दावा / आपत्ति आवेदन के साथ भरे गये फॉर्म एवं संबंधित आपत्ति की विवरणी देना अनिवार्य है। दावा / आपत्ति निराकरण के पश्चात दक्षता परीक्षा हेतु अंतिम मेधा सूची जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, दुमका के सूचना पट्ट एवं एन०आई०सी०, दुमका के वेबसाईट दुमका डॉट एनआईसी डॉट इन पर प्रकाशित किया जायेगा, जिसकी सूचना समाचार पत्र के माध्यम से दे दी जायेगी।

### डीजल पेट्रोल की कीमतों में कमी करने के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**देवीपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने झारखंड सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर प्रर्दशन किया और डीजल पेट्रोल की कीमतों में कमी करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने डीजल और पेट्रोल के मुल्यों में भारी कटौती कर दी है लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार वैट कम नहीं करने के कारण देश के अन्य राज्यों की तुलना में उपभोक्ताओं से झारखंड सरकार अधिक राशि वसूल रही है।वैट कम करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर प्रदेश भाजपा कार्यालय भेजा जा रहा है। वहां से झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को मांग पत्र सौंपा जायेगा। मौके पर प्रभारी विश्वनाथ रमानी, भाजपा प्रखंड महामंत्री विकास यादव, भाजपा युवाध्यक्ष विकास वर्मा,जिला मिडिया सह संयोजक बबलू राव,बबलू सिंह, कपिल देव मंडल, ब्रम्हदेव यादव, कुंदन चौधरी, सचिन तिवारी, डब्लू मंडल, युगल कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### 5 महीने पूर्व हेटडीह में बना पीसीसी सड़क में बनगया है बड़ा बड़ा गड्ढा

**सारठ।** प्रखंड अंतर्गत बभंगामा पंचायत के वार्ड संख्या 12 के हेठडीह मे 5 महीने पहले 15 वी वित्त मद से बना पीसीसी सड़क अभी 6 महीना भी नहीं हुए कि यह फिर से पहले वाली स्थिति में पहुंच गई।मौजूदा हालात ये हैं कि सड़क में गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिस पर चलना जोखिमपूर्ण हो गया है।कभी भी बड़ी दुर्घटना को दस्तक दे सकती है। थोड़े दिनों में यह पहले से भी बदतर हो जाएगी।

### रेलवे सुरक्षा बल ने अभियान चलाकर वसूला जुर्माना

**मधुपुर।** रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी संजीत कुमार चंद्रा के निर्देश पर मधुपुर रेलवे सुरक्षा बल ने स्टेशन परिसर स्थित अवैध पार्किंग स्थल से गुरूवार को खड़ी 07 मोटरसाइकिल को जप्त किया सभी जप्त बाइक मालिकों से 500 रूपय कर कुल 3500/= रुपए जुर्माना वसूला गया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर इंचार्ज देवनाथ ने बताया कि पार्किंग के लिए स्टेशन के बाहर पार्किंग की व्यवस्था की गई है बावजूद कुछ लोग स्टेशन परिसर में अवैध तरीके से मोटरसाइकिल खड़ा कर देते हैं जिससे स्टेशन में आने जाने वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा इस तरह का अभियान जारी रहेगा।

## हरी झंडी दिखाकर भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया



दुमका

थैलेसीमिया से बचाव को लेकर बंगाल- झारखंड- बिहार कि लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से साइकिल से निकले युवक सुजन अधिकारी देर शाम दुमका पहुंचे. जिनका विश्राम प्रयास फाउंडेशन कार्यालय दुमका में हुआ एवं सुबह 11:30 बजे सिविल सर्जन कार्यालय दुमका से सिविल सर्जन डॉक्टर बच्चा प्रसाद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर आगे के भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया इस अवसर पर कार्यक्रम प्रबंधक राकेश आनंद, रीजनल कोऑर्डिनेटर साहिया प्रोग्राम मृत्युंजय शांडिल, अकाउंट ऑफिसर रविंद्र कुमार सिंह, डीपीसी साहिया प्रोग्राम नितेश कुमार, आरके एसके कोऑर्डिनेटर शैलेश कुमार सिंह, डीडीएम कृष्ण देव सिंह एवं प्रयास फाउंडेशन के मधुर कुमार सिंह उपस्थित हुए. जिनकी उपस्थिति में पश्चिम बंगाल बांकुरा रामपुरहाट होते हुए दुमका पहुंचे सूजन अधिकारी को थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव एवं सुरक्षा के लिए जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य 15 दिवसीय भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया. मोके पर इनका सहयोग विनोद कुमार सिन्हा एवं सिविल सर्जन कार्यालय ने किया.

## लंबित 14 योजनाओं को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने का निर्देश



दुमका

उपायुक्त दुमका के निदेशानुसार आज गुरुवार को दुमका सदर प्रखण्ड के सभागार में मनरेगा के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा सभी रोजगार सेवक के साथ किया गया । समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-20 में लंबित 14 योजनाओं को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने का निदेश दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक योजनाऐं जिसमें अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है लेने का निदेश दिया गया । ऐसे सभी योजनाऐं जिसमें 20 से अधिक मजदूर काम कर रहे है, उन सभी योजनाओं का मस्टर रौल, नरेगा मोबाईल मोनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से भरने का निदेश दिया गया । निर्माणाधीन 06 नये आंगनबाड़ी निर्माण के कार्यों में तेजी लाने का निदेश सभी कनीय अभियंता को दिया गया। इसके अतिरिक्त अधिक से अधिक परिवारों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने तथा भौतिक रूप से पूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द जियो टेगिंग कर पूर्ण करने का निदेश दिया गया ।बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, दुमका, सहायक अभियंता, मनरेगा, कनीय अभियंता, मनरेगा और मनरेगा सहायक भी उपस्थित थे।

## आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिव्यांग मली मुर्मू को मिली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

### व्हीलचेयर, पेंशन,कम्बल वितरण के साथ साथ मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरवाया गया

दुमका

रानेश्वर प्रखंड के सालतोला पंचायत भवन में आयोजित ''आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रखंड / अंचल अंतर्गत सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनावेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गयी। इसी क्रम में दिव्यांग महिला सुश्री मली मुर्मू, पिता- स्व० चांद मुर्मू, ग्राम- सालतोला (पुराना टोला), पो०- रंगालिया, प्रखण्ड- रानीश्वर को व्हील चेयार प्रदान किया गया, पेंशन मिल रहा था लेकिन हाथ पैर में उंगुली नही रहने के बजह से बैंक द्वारा पेंशन की राशि की निकासी नहीं हो पा रही थी, इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए शाखा प्रबंधक, आसनबनी (एसबीआई ) द्वारा 10000.00 (दस हजार) रू० भुगतान कराया गया। साथ ही उक्त दिव्यांग महिला को कंबल प्रदान करते हुए मतदाता पहचान पत्र बनाने हेतु प्रपत्र - 06 भराया गया। पंचायत सालतोला के सभी ग्रामों से काफी संख्या में लोगों ने विभिन्न स्टॉलों पर पंक्तिबद्ध होकर अपनी समस्याओं से संबंधित विभागों को अवगत कराया। उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पंजीकरण काउंटर पर जा कर पंजीकरण कराया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी ग्रामीणों का कोविड- 19 की जाँच की गई। जाँच कराने के लिए उत्साह भी था साथ ही ग्रामीणों को कोविड का टीकाकरण दिया गया। उक्त आयोजित शिविर में सभी पदाधिकारी / कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को कोविड की जानकारी देते हुए सामाजिक दूरी का अनुपालन कराते हुए हमेशा सतर्क रहने की सलाह दी गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक नलिन सोरेन की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज रही तथा उनके द्वारा सतत भ्रमण कर व्यवस्था का अनुश्रवन किया जाता रहा जिससे ग्रामीणों में उत्साह बना रहा। इसी बीच जरूरतमन्दों के बीच विधायक सोरेन के कर कमलों द्वारा कम्बल का वितरण किया गया ।



## साम्प्रदायिक सद्भावना दिवस सप्ताह पर संगोष्ठी का आयोजन



दुमका

आदित्य नारायण महाविद्यालय, दुमका में प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में साम्प्रदायिक सद्भावना दिवस सप्ताह के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अनहद लाल, प्राध्यापक हिंदी विभाग एवं कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया।

वक्ताओं में डॉ रवि उल इस्लाम, प्रोफेसर इस्लामुद्दीन ,डॉक्टर प्रदीप गोराई, प्रोफेसर सोम मरांडी, प्रोफेसर यशवंत कुमार सिंह, डॉक्टर अनिल कुमार सिंह, डॉ बसंत कुमार सिंह, डॉ जवाहर सिंह, प्रो बिरेन गोराई, डॉ अखलेश कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ चन्द्र भानू प्रताप सिंह, डॉ शिव शंकर सिंह, डॉ मणिकांत मंडल, डॉ अमरकांत पोदार,डॉ सुलेमान हासदा, डॉ रीता सिन्हा, डॉ नीरज झा, प्रो रजनीश आनन्द, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ रामजीवन झा, प्रो कपिलदेव मण्डल,डॉ मनोज कुमार, डॉ संजू कुमारी, डॉ पूनम सिंह, आदि ने अपने-अपने विचार रखे ।धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रमोद कुमार सिंह, प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग एवं कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने दिया।मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि सद्भावना सप्ताह के अंतर्गत यह संगोष्ठी के माध्यम से यह संदेश देना चाहेंगे कि हम सभी प्राचीन काल से ही सभी पन्थों एवं धर्मों के लोग आपस में मिल जुल कर रहते आये हैं। आगे भी इस सौभाग्य पूर्ण वातावरण को बनाए रखने के लिए हम सब को संकल्प लेना होगा ।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला गव्य विकास पदाधिकारी को हटाने के लिए पशुपालकों ने ग्रामीण विकास मंत्री को दिया आवेदन

● **मंत्री ने मामले की जांच के लिए डीसी को दिये निर्देश**

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो, प्रतिनिधि)।** जिले के दर्जनों पशुपालकों ने ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम को एक लिखित शिकायत कर जिले के जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा कार्य लापरवाही करने और पशुपालकों को ध्यान नहीं देने की शिकायत कर उसे अविलंब जिले से स्थानत्रित करने की मांग किया है । जिसको लेकर पशुपालक इस्लाम हक, धनुष मुर्मू, कालिदास किस्कू, को हालिम से प्रदीप मुर्मू कंचन रविदास, श्याम यादव, समेत दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षरित आवेदन देकर उल्लेख किया है कि जिला गव्य पदाधिकारी पाकुड से पशुपालक तंग आ चुके हैं ।

किसानों को अच्छे ढंग से बात नहीं करते हैं साथ ही कार्यों को एजेंसी के माध्यम से करवा रहे हैं। जिसमें मोटी रकम की वसूली भी करते हैं। इस भ्रष्ट पदाधिकारी से पशुपालक काफी परेशान है। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार भारती को हटाते हुए डॉ अमरदीप सिंह अवर प्रमंडल पशुपालक पदाधिकारी पाकुड़ को प्रतिनिधित्व करने की मांग किया है।

## पाकुड़ बार एसोसिएशन चुनाव के लिए उम्मीदवार की हुई घोषणा

● **बार एसोसिएशन की 27 को होगा वोटीग**

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** पाकुड़ बार एसोसिएशन का चुनाव होना सुनिश्चित हुई है। बार एसोसिएशन की वोटीग आगामी 27 तारिख को तिथि तय किया गया है। जिसमें निम्नलिखित उम्मीदवार बार अध्यक्ष अंबिका प्रसाद मिश्रा, अरुण कुमार त्रिवेदी, मोहम्मद मैनुद्दीन, निरंजन घोष, उपाध्यक्ष अंबुज कुमार वर्मा नृपेंद्र नाथ उपाध्याय, सचिव पद दीपक कुमार ओझा, द्विजेंद्र कुमार साहा, संजय कुमार भगत, सह सचिव धर्मेंद्र सिंह, राजीव कुमार यादव, सुनील कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष भीषमा देव उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार मंडल होगें.

## बीचपहाड़ी में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत बीचपहाड़ी मध्य विद्यालय परिसर में गुरुवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उदघाटन भूमि सुधार उप समाहर्ता रविंद्र चौधरी, बीडीओ मनोज कुमार, सीओ किरण डांग, सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । शिविर में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के काफी संख्या में लोगो ने उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर में भूमि सुधार उप समाहर्ता रविंद्र चौधरी, ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शिविर में सुदूरवर्ती गाँवों से पहुँचे सैकड़ों लोगों ने आवास, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास को लेकर आवेदन जमा किया। शिविर में फूलोझानो योजनांतर्गत सावित्री सोरेन को शूकर एवं मुर्गी पालन के लिए दस हजार रुपये एवं प्यारी हेम्ब्रम को बकरी पालन के लिए दस हजार रुपये का चेक दिया गया । निरीह लोगो के बीच बीड-ीओ ने मुफ्त कम्बल का वितरण किया । शिविर में अलग अलग विभागों के करीब एक दर्जन से भी अधिक स्टाल लगाए गयी थी, जहां लोगो ने फरियाद लगायी । शिविर का संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा ने किया ।

## ग्रामीणों की समस्या को सुना

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** महेशपुर प्रखंड के भेंटाटोला पंचायत में उपायुक्त वरुण रंजन पहुंच कर आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्या को सुना। अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उपायुक्त जनता से मिलकर उन्हें उत्साहवर्धन भी किया। उपायुक्त वरुन रंजन के निर्देश व सक्रियता से पाकुड़ की जनता उत्साहित हो रही है। उपायुक्त ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी सरकार आपके अधिकार के प्रति संवेदनशील है। अधिक से अधिक संख्या में आपलोग शिविर में पहुंचे। सभी विभागों की ओर से स्टाल लगाया गया, वहां जाकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें ओर योजना का लाभ उठाएं। जिला प्रशासन आपके हर प्रयास में साथ खड़ा है।

### आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ऑन द स्पॉट विभिन्न मामलों का किया गया निष्पादन

# जिले के सदर, महेशपुर, पाकुड़िया व लिट्टीपाड़ा प्रखंड में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## जिले को संक्रमणमुक्त बनाने की दिशा में शत प्रतिशत टीकाकरण अभियान में सभी का सहयोग आपेक्षित

● **सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को लाभान्वित करना हो प्राथमिकता-**

● **परिसम्पतियों के वितरण के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को कराया अवगत....**



(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** गुरुवार को जिला अन्तर्गत आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखंड के ईशाकपुर उर्फ रणडांगा पंचायत, महेशपुर प्रखंड के भेटाटोला पंचायत, पाकुड़िया प्रखंड के बीचपहाड़ी पंचायत, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के जामजोड़ी पंचायत में किया गया। लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का किया वितरण कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को लाभान्वित किया। इसके अलावे आज के कार्यक्रम में पाकुड़िया प्रखंड के बीचपहाड़ी पंचायत अन्तर्गत फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत 2 लाभुकों के बीच दस दस हजार का चेक प्रदान किया गया 103 आवेदन प्राप्त किये गये, साथ हीं 93 गरीबों लोगों को कम्बल का वितरण, 223 आवास निर्माण हेतु आवेदन पत्र लिया गया, पेंशन के लिए 83 आवेदन लिया गया, मनरेगा जॉब कार्ड वितरण 107 लाभुकों बीच किया गया। जिला स्तर के अधिकारियों व विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी. इसके अलावे आपके अधिकार- आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा सरकार की चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग के योजनाओं को प्रदर्शन करते हुए स्टॉल लगाया गया था, जहां योजनाओं से जुड़ी जानकारी के प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट का वितरण भी लोगों के बीच किया गया। साथ हीं शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण उदेश्य से स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कर लोगो का कोविड जांच और कोविड का टीका दिया गया। इस दौरान उपरोक्त के अलावे संबंधित पंचायत के कार्यकारी मुखिया, प्रमुख, सभी संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर के अधिकारी, कर्मी व जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंपों में हस्ताक्षर अभियान चलाया



(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** झारखंड में पेट्रोल-डीजल पर वैट की दर घटाने को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के निर्देश पर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकुड़िया के विभिन्न पेट्रोल पंपों में हस्ताक्षर अभियान चलाया। हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ गौरव इंडियन ऑयल पैट्रोल पंप से प्रखंड अध्यक्ष विजय भगत, पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन भाजपा जिला उपाध्यक्ष तपन कुमार मंडल, हृदयानंद भगत एवं गुड्डू चौधरी के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाते हुए दामों में पांच रुपए एवं दस रुपए की कमी की है। केंद्र सरकार की तर्ज पर एनडीए शासित सभी राज्यों एवं गैर भाजपा शासित अनेक राज्यों ने वैट घटाकर जनता को राहत दी है, परंतु झारखंड सरकार ने अब तक कोई कमी नही की है। यह अभियान पेट्रोल-डीजल में टैक्स कटौती के लिए राज्य सरकार को कहा जाएगा। मौके पर लाल मोहम्मद अंसारी, सफीक अंसारी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दिल्ली में 14 से 27 नवम्बर तक चलने वाले अन्तराष्ट्रीय व्यापार मेला जिले से तीन सखी मंडल की दीदियां भाग लिया




(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** अन्तराष्ट्रीय व्यापार मेला कार्यक्रम में पाकुड़ जिले से तीन दीदियां रूबी माल्टो (लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड) दुलाली मंडल (पाकुड़ प्रखण्ड) एवं सुचित्रा कुमारी (पाकुड़ प्रखण्ड) के द्वारा भाग लिया गया है। ये तीनों दीदियां पाकुड़ जिले में सखी मंडलों के द्वारा उत्पादित लोबिया, बाजरा का आटा, मल्टीग्रेन आटा लेकर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग ली है।

तीनों उत्पादों का विक्रय अब तक बहुत ही अच्छा रहा है एवं खरीदारों के द्वारा काफी अच्छा फीडबैक दिया जा रहा है। 24 नवम्बर को जेएसएलपीएस सीईओ श्रीमती नैंसी सहाय ने अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला का निरीक्षण किया। सभी दीदियों के संयुक्त प्रयास को जेएसएलपीएस सीईओ ने सराहना किया एवं भविष्य के आगामी कार्यक्रम हेतु शुभकामनाएं दी गयीं।

सभी दीदीयां जेएसएलपीएस सीईओ के विजिट से बहुत उत्साहित दिखीं। इस कार्यक्रम में पाकुड़ जिले से लोबिया 93 ङ्क्ष बाजरा आटा 47 ङ्क्ष एवं मल्टीग्रेन आटा 110 ङ्क्ष सखी मंडल द्वारा उत्पादित उत्पाद प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु भेजा गया है।

## उन्नत कृषि पद्धति से खेतिवारी की जानकारी किसानों की दी गई


(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)



**पाकुड़।** नीति आयोग के आकांक्षी जिला पाकुड़ मे आईटीसी मिशन सुनहरा कल, कृषि विभाग एवं सर्व सेवा समिति संस्था पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में पाकुड़ के जिला कृषि आत्मा सभागार में रबी मौसम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी मुनेन्द्र दास ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण को शुभ उद्घाटन किया। बता दे की इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाकुड़ जिला के सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, सभी सहायक तकनीकी प्रबन्धक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबन्धक, खरछढर के सभी प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण में भाग लिया। जिसमें किसानों को विभिन्न फसलो का उन्नत कृषि पद्धति से खेतिवारी के बारे मे जानकारी दिया गया। साथ ही आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तत्वाधान मे विभिन्न फसलो के लिए तैयार किया पोप का मोडल के माध्यम से कैसे गांव में किसान को विभिन्न फसलो सरसो, गेहूं, मक्का के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकते है. इसके लिए किसानों को विस्तृत जानकारी दिया गया. उसके साथ रूटमैप भी तैयार किया गया। साथ ही कृषि एवं संबंधित विभागों के सभी स्कीम लिंकेज एवं कृषि के समांधित प्रचार प्रसार के लिए भी किसान को जागरूकता अभियाण प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूक करवाने के लिए भी चर्चा किया गया. जिससे जिला के सभी किसान सरकार की सभी योजना के सही जानकारी प्राप्त हो सकते है, और सरकारी स्कीम से जुड़ने से अपने परिवार की आमदनी बढा कर अपने परिवार को सव्लंबी बन सके। जिला कृषि पदाधिकारी मुनेन्द्र दास ने जिला के सभी किसानों को आधुनिक नई टेक्नोलॉजी अपनाकर खेतीवारी करवाने के लिए प्रेरित करवाने की अपील किए. सीधी फसल की बुआई, शुन्य जुताई से बूआई, फसल प्लानिंग, बीज का चयन, बीज उपचार, बीज अंकुरण, समय से बूआई, पानी का सही उपयोग, खाद की संतुलित मात्रा मे प्रयोग, खरपतवार नियंत्रण,रोग और किट का नियंत्रण, समय से कटाई, सही से भंडारण एवं अच्छा कीमत मे बिक्री हो. कहा कृषि विभाग हमेशा किसानों को मदद करने के लिए सदा प्रयत्नशील है. आपलोग कृषि विभाग के साथ संपर्क में रहकर सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कृषि कल्याणकारी योजनाओ का लाभ सही किसानों को दिलवाने के प्रयास करे. केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, बीज वितरण, ऋण माफी योजना, कृषि यंत्र, टपक सिंचाई एवं फब्बारा सिंचाई, धान अधिप्राप्ति योजना आदि ।

## रंगोली, चित्रकला, क्वीज प्रतियोगिता के विभिन्न माध्यम से मतदाताओं को मतदाता सूची में पंजीकरण कराने हेतु जागरूक किया गया

### जिलों के सभी प्रखंडों के विद्यालय, महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित की गई



(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** जिला प्रशासन की ओर से आगामी पंचायत चुनाव में शत-प्रतिशत मतदाताओ को मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत के के एम कॉलेज पाकुड़ एवं राज 10+2 उच्च विद्यालय पाकुड़ में गुरुवार को रंगोली, चित्रकला, क्वीज प्रतियोगिता आदि कराई गई।

जिसमें छात्र, छात्राएं ने विभिन्न माध्यम से मतदाताओं को अपने मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु जागरूक किया गया। इस प्रतियोगिता में 200 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसका विषयवस्तु (थीम) वोटर लिस्ट में पंजीकरण, मतदाता जागरूकता था।

सभी प्रखंडों से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक छात्राओं द्वारा अभियान चला कर लोगों को मतदाताओं को मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु जागरूक किया गया।

इस दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती सम्पा साहा, कार्यपालक पदाधिकारी श्री कौशलेश कुमार यादव, सुपरवाइजर दीपक कुमार, एजाजुल हक बीएलओ एवं विद्यालय के प्रचार्य विलास प्रसाद यादवेन्दु, शिक्षक विजय कुमार भण्डारी, कौशलेंद्र एवं राजू नन्दन साहा एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार महंगाई जैसे मुद्दे पर मौन धारण की हुई है-प्रखंड अध्यक्ष मनोबर आलम

# मंहगाई की मार से त्रस्त है हर तबके के लोग: कृष्णा यादव

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)




**पाकुड़।** बढ़ती महंगाई के खिलाफ पाकुड़ जिला अंतर्गत हिरणपुर सुभाष चौक में कांग्रेस का जन-जागरण अभियान चलाया गया. कांग्रेस का जन जागरण अभियान शुरू हुआ जो हिरणपुर बाजार हुते हुए सुभाष चौक तक पहुंचा. मौके पर हिरणपुर प्रभारी कृष्णा यादव, एवं प्रखंड अध्यक्ष मो मनोबर आलम ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. हिरणपुर प्रभारी कृष्णा यादव ने कहा कि महंगाई की मार से आम जनता त्रस्त है. केंद्र की भाजपा सरकार के शासन में दिनों- दिन सभी जरूरत की चीज जैसे खाद्य तेल, पेट्रोल, डीजल, गैस का दाम लगातार बढ़ रहा है. कांग्रेस आम आदमी के साथ है. महंगाई के खिलाफ प्रदेश में सभी जगहों पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जन- जागरण अभियान लगातार किया जा रहा हैं. इस जन- जागरण के माध्यम से आमलोगों तक पहुंचने के एक मौका है.

वहीं प्रखंड अध्यक्ष मो मनोबर आलम ने संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हमलोग उन्हें सत्ता से नीचे गिराएं. केंद्र सरकार महंगाई जैसे मुद्दे पर मौन धारण की हुई है. आए दिन पेट्रोल की कीमत में वृद्धि हो रही है. केंद्र सरकार की विफलताओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना है और आने वाले लोकसभा चुनाव में सरकार को उखाड़ फेंकना है और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। कमगार जिला अध्यक्ष संतु चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज लोग पुराने दिन को याद कर रहे है जब 400 में गैस सिलेंडर लेते थे आज 1000 रु में ले रहे है. कार्यक्रम को लिट्टीपाड़ा बिधानसभा प्रभारी जय मालतो जी लिट्टीपाड़ा अध्यक्ष मुर्शिद आलम जी ने भी सम्बोधित किया. मौके पर प्रखण्ड उपाध्यक्ष मोतीलाल मरांडी, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष मदन पंडित, अलीहुसेन मोमिन, आबिद इस्लाम, जाहिद अंसारी सहित दर्जनों उपस्थित थे.

## संक्षिप्त समाचार

### झारखण्ड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसम्बर से 22 दिसंबर तक, 5 दिनों का होगा शीत सत्र.



राँची। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।

● **दिन के इस सत्र में 5 कार्यदिवस होंगे**

» 17 दिसंबरझ्न प्रश्नकाल और वित्तीय वर्ष 2021–22 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन

» 18 दिसंबर– बैठक नहीं होगी

» 19 दिसंबर– बैठक नहीं होगी

» 20 दिसंबर– मुख्यमंत्री प्रश्नकाल और वित्तीय वर्ष 2021–22 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर सामान्य वाद–विवाद, मतदान और विनियोग विधेयक का उपस्थापन एवं पारण

» 21 दिसंबर– प्रश्नकाल और राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य

» 22 दिसंबर– राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य और गैर सरकारी सद्स्यों का कार्य

### ग्रामीणों ने बनाया एएसआई को बंधक, किया बेंगाबाद पुलिस को सुपुर्द



**बेंगाबाद/गिरिडीह । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** विधवा महिला के साथ छेड़छाड़ करने पर एएसआई को ग्रामीणों ने बनाया बंधक लगाया जुर्माना भरवाया बांड फिर पुलिस को किया सुपुर्द। मामला बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ताराजोरी पंचायत का है बताया जाता है पूर्व में बेंगाबाद थाना में पदस्थापित मुनेश्वर लियांगी जो अपने थाना क्षेत्र के ताराजोरी गांव में एक विधवा के साथ छेड़छाड़ कर रहा था दो दिन से वह उसी के घर में रहा था इसकी भनक स्थानीय लोगों को लगी आज सुबह दर्जनाधिक ग्रामीणों ने उसे उस विधवा महिला के घर से निकाल उसे बंधक बना लिया ।मामले को लेकर पूरे ग्रामीण इकट्ठा हो गए और उसे जुर्माना लगाया इसी बीच इसकी सूचना बेंगाबाद पुलिस को दे दी मौके पर पहुंची बेंगाबाद पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामलें को शांत करवाया फिर एएसआई को अपने साथ लेकर बेंगाबाद थाना वापस आई हालाँकि इसकी सूचना जिला के वरीय पुलिस पदाधिकारी को दे दी गई है पुलिस मामलें की तहकीकात कर रही है। ईधर ग्रामीणों ने कहा कि एएसआई को जुर्माना लगाया गया और बांड पेपर में लिखवाकर उन्हें हिदायत देकर दोबारा ऐसी गलती ना करने की बात कह कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

### घरेलू हिंसा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या आदि मुद्दों पर रैली नाटक कर लोगों को किया जागरूक

**मधुपुर। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** प्रेरणा भारती के गर्ल्स फर्स्ट फंड की किशोरी दल द्वारा चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान के तहत बाल विवाह, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या आदि मुद्दों पर गुरुवार को रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। घरेलू हिंसा के विरुद्ध निकली रैली कॉलेज रोड होते थाना मोड़ पहुंची। किशोरियों द्वारा बाल विवाह की कुरीतियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया गया।

# झारखंड मंत्रालय में 25 नवंबर 2021 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।**

» माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एसएलपी सिविल नंबर–13473/2020 पंकज कुमार बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में दिनांक 19.08.2021 को पारित न्यायादेश के आलोक में अपीलकर्ता श्री पंकज कुमार को उप समाहर्ता के पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 11.08.2010 के प्रभाव से अनुसूचित जाति श्रेणी में झारखंड प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि का एक छायापद सृजित करते हुए श्री पंकज कुमार को उप समाहर्ता के पद पर की गई नियुक्ति की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

» विभागीय अधिसूचना संख्या– 1803 दिनांक 31 मई 2013 द्वा–रा अधिसूचित झारखंड राज्य आपूर्ति सेवा नियमावली, 2013 में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड की अधिसूचना संख्या–3849, दिनांक 10 अगस्त 2021–सह–असाधारण गजट संख्या–418, दिनांक 12 अगस्त 2021के आलोक में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

» झारखंड बाल विकास सेवा अराजपत्रित कर्मचारी भर्ती तथा सेवा शर्त नियमावली, 2006 में आंशिक संशोधन की स्वीकृति दी गई।

» झारखंड बाल विकास अराजपत्रित कर्मचारी (महिला पर्यवेक्षिका) सेवा संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति तथा सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली–2021 की स्वीकृति दी गई।

» Jharkhand Taxtile, Apparel & Footwear Policy–2016 की प्रभावी तिथि–19.09.2021 से नई नीति



अधिसूचित होने तक अथवा दिनांक–18.09.2022 तक जो भी पहले हो तक अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।

» जन वितरण प्रणाली के कंप्यूटरीकरण प्रक्रिया के क्रम में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में ी–ढक्क्र के माध्यम से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने हेतु झारखंड वित्तीय नियमावली के नियम 235 के प्रावधानों को शिथिल करते हुए नियम 245 के तहत मे0लिंकवेल टेलीसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड एवं मे0 इंटीग्रा माईक्रोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड से आगामी 2+1 वर्षों तक ी–PoS मशीनों की सर्विस सपोर्ट प्राप्त करने हेतु अवधि विस्तार देने की स्वीकृति दी गई।

» उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड के अंतर्गत ₹झारखंड अभियंत्रण/बहुप्रावैधिकी सेवा संवर्ग के ग्रुप 'ख' एवं 'ग' के अधीन अराजपत्रित पद लिपिक/लिपिक–सह–टंकक/टंकक/अन्य लिपिकीय सेवा (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्तें) (प्रथम संशोधन) नियमावली–2021₹ की स्वीकृति दी गई।

» बैंकों में सरकारी खातों के संधारण हेतु बैंकों का चयन करने की स्वीकृति दी गई।

» झारखंड चिकित्सा शिक्षा (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त) (द्वितीय संशोधन) नियमावली–2021 के गठन की स्वीकृति दी गई।

» पंचम झारखंड विधानसभा का सप्तम (शीतकालीन) सत्र 16.12.2021 से 22.12.2021 तक आहूत किये जाने संबंधी औपबंधिक कार्यक्रम की स्वीकृति दी गई।

» National Geographic द्वारा डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण पर होने वाले व्यय 2 करोड़ 37 लाख रुपए मात्र + GST पर मनोनयन के आधार पर कार्य आवंटित करने हेतु वित्त नियमावली के नियम 235 का शिथिलीकरणत के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

» विभागीय अधिसूचना संख्या–5173, दिनांक–26.11.2012 द्वा–रा अधिसूचित झारखंड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला लिपिकीय सेवा संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली, 2012 में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड की अधिसूचना संख्या–3849, दिनांक–10.08.2021–सह–असाधाण गजट संख्या–418, दिनांक–12.08.2021 के आलोक में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

» वित्तीय वर्ष 2021–2024 की अवधि के लिए ₹आयुष्मान भारत–मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना₹ के कार्यान्वयन एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हरा कार्डधारित लाभुकों को उक्त

## जगतगुरु पंचानंद गिरी की ओर से मोगा में हो रहे धर्म परिवर्तन के नाम पर क्रिश्चियन मिशनरी कार्यक्रम का कड़ा विरोध

**(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।**



**चंडीगढ़।** जगतगुरु पंचानंद गिरी महाराज जी का मोगा में हो रहे क्रिश्चियन मिशनरी प्रोग्राम मैं बहुसंख्यक लोगों का धर्म परिवर्तन पर कड़ा विरोध जताया। वही उन्होंने हिंदुओं को संदेश देते हुए कहा कि आंखें मूंदकर मत बैठें, सही और गलत सब सामने हो रहा है उसका डटकर विरोध करें व पंजाब में हो रही हिंदुओं की दुर्गति को अनदेखा ना करें। पंजाब में गौ हत्या पर संज्ञान लेने की बजाए वोटों की खातिर क्रिश्चियन मशीनरी मे मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचने वाले सी एम स. चरणजीत सिंह चन्नी की मंशा सामने आ चुकी है। हिंदुओं के हितों को अनदेखा करते हुए पंजाब में लगातार धार्मिक भावनाओं को भड़काया जा रहा है। लगता ऐसा जेसे कि हिंदुओं की परीक्षा ली जा रही है। पर यह परीक्षा देने की कोई जरूरत नहीं अपनी अंतरात्मा को जगा कर और हिंदुओं के हित को सोचते हुए स्पष्ट हो रहा है कि कौन हिंदुओं के हित में आवाज बुलंद कर रहा है। वहीं पंजाब प्रचारक श्री हिंदु तखत अमित शर्मा ने कहा कि लंबे समय से मलेरकोटला गौ हत्या का गढ़ बन चुका है। जहां हिंदुओं को इकट्ठा होने पर भी पाबंदी है, वहीं कांग्रेस सरकार में उसे जिला घोषित किया है। जिला घोषित होते ही पंजाब की भिखि नहर में गौ माता के अवशेष दिखे, वही बीते दिन भी गऊ हत्या की गई और अवशेष मिले पंजाब में ही लुधियाना में गौ हत्या पर प्रशासन के अब तक हाथ खाली हैं। हिंदू समाज कब तक प्रदर्शनों पर निर्भर रहेगा। अमित शर्मा ने कहा कि हिंदुओं को एक करने के लिए लंबे समय से मुहिम चलाई जा रही है जो अपने शस्त्र और शास्त्रों की विद्या भूल चुके हैं। अगर वह एकता मे बल वाली कहानी से सीख ले तो बहुत कुछ हो सकता है। हिन्दुओ को श्री हनुमान जी की तरह याद दिलाना होगा कि वह बलशाली हैं, उनकी ताकत को तोड़ा नहीं जा सकता। जब चीखने चिल्लाने से प्रदर्शन करने से संविधानिक तौर से हिंदुओं को उनका हक ना मिले तो धर्म मे लिखे रास्ते को चुनना गलत नहीं होगा। यदि प्रशासन हिन्दुओ की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले दोषियों को सजा देने मे असमर्थ हैं हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों को संविधान के तौर पर सजा नहीं मिलती तो उसे सजा को धार्मिक तौर पर देना गलत नहीं होगा। इस मोके पर स्वामी शरभैरश्वर नन्द भैरव पार्टी चेयरमैन शिव सेना युवा

## लीड कान्वेंट स्कूल में यातायात पुलिस माह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।**

**शाहजहांपुर ।** कॉन्वेंट स्कूल में यातायात पुलिस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि टी. सरवणन (सी ओ सिटी), विशिष्ट अतिथि रितेंद्र प्रताप सिंह (ट्रैफिक इंस्पेक्टर), सचिन बाथम (महानगरअध्यक्ष व्यापार मंडल), निदेशक मोहम्मद जमाल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती तराना जमाल सर्व धर्म चिन्ह के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया तत्पश्चात कक्षा 2 3 4 एवं 5 की छात्राओं ने स्कूल गीत प्रस्तुत करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री टी. सरवणन (सी ओ सिटी) ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए यह बताया कि यातायात नियम नियमों का पालन करना हमारे लिए कितना आवश्यक है साथ ही उन्होंने बच्चों को ट्रैफिक सिग्नल की भी जानकारी दी कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए बच्चों के बीच यातायात विषय पर आधारित



पोस्टर प्रतियोगिता शुरू की गई जिसमें लगभग स्कूल के 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हादी खान व आफरीन निदा द्वितीय स्थान युसरा खान व जीवा सिंह , तृतीय स्थान मोहम्मद अशर व नैना सिंह को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में अतिथि गणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने में अमुक्ता सिंह, अक्षिता सक्सेना नवा नबा खान, यूसरा खान, आस्था सक्सेना, यमन बी, अनमता, इकरा खान,हंशिका बाजपाई, अनुष्का सक्सेना आदि बच्चों का सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका साधना बोस,रीमा सक्सेना रूपा सिंह,आस्था मिश्रा, ज्योति शुक्ला, कशिश सक्सेना, दीपशिखा गुप्ता, खुशबू सक्सेना, तरन्नुम खान, वैशाली सक्सेना,नाजिया खान, चांदनी अनवर, सुमन देवी, अदीबा सलमान, संजना वर्मा, सैयदा रुकैया, फराह खान, नीतू सक्सेना, गुरप्रीत कौर, तरन्नुम अजमी, तूलिका बाजपाई, शकील अहमद, मुईज, कौशलेंद्र सिंह, संतोष सक्सेना, जीशान खान आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक मोहम्मद जमाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 530 ग्राम गांजा पत्ती सहित एक आरोपी करनाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।**

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की थाना निसिंग की टीम द्वारा एक आरोपी का गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कल दिनांक 24.11.2021 को पी/एसआई बिन्द्र की अध्यक्षता में थाना निसिंग की टीम अपराध रोकथाम हेतू बस अड्डा कुचपुरा पर मौजूद थी कि उसी समय टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि सन्दीप उर्फ सन्जु पुत्र सतबीर सिंह वासी कुचपुरा जिला करनाल अवैध रूप से गांजा बेचने का काम करता है और आज भी गांजा पत्ती लेकर गांव मन्जुरा की तरफ से पैदल-2 आ रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा बस अड्डा कुचपुरा पर नाकाबंदी की गई। दौराने नाकाबंदी कुछ देर बार एक व्यक्ति को काबू करके पूछताछ की गई। जिसने पूछताछ में अपना नाम सन्दीप उर्फ सन्जु उपरोक्त बतलाया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पोलीथीन में से 530 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की आगामी तफ्तीश उप निरीक्षक अजायब सिंह को सौंपी गई। दौराने तफ्तीश पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि उपरोक्त गांजा पत्ती को करनाल के घरौंडा से अपने एक रिस्तेदार से सस्ते दाम पर खरीदकर लाया था। इसमें से आरोपी ने कुछ गांजा पत्ती महंगे दाम पर बेच दी थी और बाकि को बेचने की फिराक में था। आरोपी को आज पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## जमशेदपुर के युवक का झारखण्ड- राजस्थान की कला में फ्यूजन का तड़का

● **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में स्टार्टअप का जलवा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे ट्रेड फेयर के झारखण्ड पवेलियन मे एक स्टॉल पर जमशेदपुर के एक युवा के स्टार्टअप का जलवा जारी है। उन्होंने झारखण्ड और राजस्थान के फ्यूजन में तड़का लगा कर एक स्टार्टअप शुरू किया है इस फ्यूजन में इस युवा ने झारखण्ड के पारम्परिक आभूषणों को नए अंदाज में ट्रेंडी बना दिया है। नए जामने के ये आभूषण मेले में लोगो को खूब आकर्षित कर रहे हैं वे बताते हैं, सिल्क की साड़ी पर कलाकारी को देखने के बाद दोस्तों ने उन्हें ऐसे आभूषण बनाने के लिए प्रेरित किया थो खास बात यह है की वह पोषक के रंग से मेल खाते हुए रंग ०जूलरी आन आर्डर डिमांड भी बना रहे है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखण्ड पवेलियन में जमशेदपुर के धीरज जैन राजस्थान की कला को झारखण्ड की ज्वेलरी पर उकेर रहे हैं उन्होंने दोनों राज्यों की कला का फ्यूजन कर दिया है वर्तमान में मानवाधिकार विषय में स्नाकोत्तर की पढाई कर रहे धीरज जैन ने 2016 में यह स्टार्टअप शुरू किया थो छोटे स्तर पर शुरुआत करने के बाद अब उन्हें बड़े ऑर्डर अन्य शहरों से मिलने लगे हैं धीरज बताते है की डिजाइनिंग से लेकर ज्वेलरी को जोड़ने का काम वे खुद करते हैं सीप पर मोती स्टोन का प्रयोग करते हुए पेंटिंग काएक पीस वह चार घंटे में बनाते हैं कुछ कामों में उनकी माँ सहयोग करती हैं इस छोटे स्टार्टअप की शुरुआत अब बिज़नेस का रूप लेने लगा है वह बताते है की डिजाइनिंग में रुचि थी इसलिए एक बार सिल्क की साड़ी में कुछ स्टोन के साथ डिजाइनिंग की। वह साड़ी काफी आकर्षक बनी। उसके बाद दोस्तों के कहने पर ज्वेलरी की डिजाइनिंग शुरू की। वह ज्वेलरी पर राजस्थान कला की पेंटिंग करते हैं अपनी कला के जरिये वह कान के बुँदे, गले का हार, अंगूठी, ब्रेसलेट तैयार करते हैं

## 11 व 12 दिसंबर को जिला भाजपा पानीपत प्रशिक्षण शिविर : अरविन्द यादव

● **भाजपा की रीति नीति समझाने हेतु जिला पानीपत प्रशिक्षण शिविर 11व 12 दिसम्बर को : अरविन्द यादव**

● **प्रशिक्षित कार्यकर्ता पार्टी का प्रचार प्रसार एवं नीतियों का सही प्रचार कर सकते है : डॉ अर्चना गुप्ता**

**पानीपत।** पार्टी की रीति नीति को समझाने हेतु पूरे प्रदेश में भाजपा जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रही है इसी कड़ी में पानीपत ज़िले का शिविर 11व 12 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। ये शब्द हरको बैंक के चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद यादव ने जिला भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कही। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के विभिन्न स्तरों को वरिष्ठ नेता सम्बोधित करेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओ का पार्टी की विचारधारा व सिद्धांतों से अवगत होना जरूरी है। एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा का सही प्रचार प्रसार कर सकता है। डॉ अर्चना गुप्ता व जवाहर सैनी ने अरविंद यादव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। भाजपा जिला प्रभारी जवाहर सैनी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता शिविर में अपनी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करे।

**भारतीय जनता पार्टी ने की मेरा चंडीगढ़ मेरा सुझाव अभियान की शुरुआत**

# लोगों से सुझाव लेकर बनाया जाएगा अगले 5 वर्षों का रोड़ मैपः अरुण सूद

## चंड़ीगढ़ को विश्व स्तरीय शहर बनाने में आम जनता की सहभागिता की जाएगी सुनिश्चितः किरण खेर

**(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।**

**अजीत झा/चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज मेरा चंड़ीगढ़ मेरा सुझाव अभियान की शुरुआत की गई। चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश कार्यालय कमलम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद किरण खेर ने अभियान को वर्चुअली लांच किया जबकि प्रेस कॉन्फ्रेंस को प्रदे-श अध्यक्ष अरुण सूद ने संबोधित किया। प्रेसवार्ता में उनके साथ नगर निगम चुनाव की सह प्रभारी सांसद इन्दु बाला गोस्वामी, मेयर रवि कांत शर्मा, पूर्व अध्यक्ष संजय टंडन, पूर्व सांसद सत्यपाल जैन, महामंत्री रामवीर भट्टी, सचिव अमित राणा तथा प्रदेश प्रवक्ता कैलाश चंद जैन व गुरप्रीत सिंह ढिल्लों भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद ने बताया कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने चंड़ीगढ़ को विशेष आशीर्वाद दिया है हम सभी उनके ऋणी हैं।



भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व, स्थानीय भाजपा नेतृत्व, सांसद, मेयर तथा सभी पार्षदो ने चंडीगढ़ को विकास और सुशासन के मार्ग पर आगे ले जाने का कार्य किया है। यह विकास यात्रा चंडीगढ़ की जनता के अनवरत समर्थन के कारण ही संभव हो पायी है।

बीते छह साल में भाजपा ने चंडीगढ़ के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। लोकतंत्र और विकास की इस मुहिम को जारी रखने के लिए भाजपा पूरे प्रदेश और शहर की जनता के पास जाकर इस प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहती है। हमारा विज़न है कि अगले 5 सालों में चंडीगढ़ को न केवल देश का नंबर एक शहर बनाएं बल्कि इसे एक विश्व स्तर का शहर बनाएं। इसी का रोडमैप बनाने के लिए लिए प्रदेश भाजपा द्वारा चंडीगढ़ का सबसे बड़ा जन भागीदारी अभियान मेरा चंडीगढ़, मेरा सुझाव शुरू किया जा रहा हैं` मेरा चंडीगढ़, मेरा सुझाव, यह अपने तरह का एक अनोखा अभियान है जिसे इस शहर में पहली बार कि-सी पार्टी द्वारा चलाया जा रहा है। इसके जरिए ये हमारी कोशिश रहेगी कि हम चंडीगढ़ की जनता से सीधा संवाद स्थापित करें।

इस अभियान के अंतर्गत चंडीगढ़ के सभी लोगों को अपने सुझावों/आकांक्षाओं को भाजपा के साथ साझा करने के लिए आमंत्रित एवं प्रोत्साहित किया जाएगो इन सभी सुझावों/आकांक्षाओं के आधार पर भाजपा 2021 नगर निगम चुनावों के लिए विज़न डॉक्यूमेंट (संकल्प पत्र) बनाएगी।

इस अभियान के तहत निम्न लिखित माध्यमों से जनता से उनके सुझावों/आकांक्षाओं को एकत्रित किया जाएगा

सुझाव पेटी- शहर भर में कुल 200 सुझाव पेटियों के माध्यम से चंडीगढ़ के निवासियों की आकांक्षाओं को संग्रहित करने का कार्य किया जाएगा। ये पेटियाँ शहर के अलग अलग पब्लिक स्थानों पर रखी जायेगी जैसे मेन मार्किट, कॉलेज, मुख्य पब्लिक पार्क, धार्मिक स्थल इत्यादि। इन सुझाव पेटियों में जनता अपने सुझाव लिख कर जमा कर सकती हैं।

मिस्ड कॉल नंबर- जनता 8141 25 3535 पर मिस्ड कॉल देकर अपने सुझाव दे सकेगी। लोगों को मिस्ड कॉल देने के उपरांत एक कॉल बैक आएगा जिसके द्वारा वो अपना सुझाव रिकॉर्ड कर भेज सकेंगे।

इस जन संपर्क अभियान के माध्यम से चंडीगढ़ की जनता से उनकी अपेक्षाओं को जानकर, भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ के विकास का नया रोडमैप तैयार करेगी जो शहर को दोगुनी गति से विकास के पथ पर आगे लेकर जायेगा।

इस अवसर पर सांसद किरण खेर ने कहा कि वे अपनी बीमारी के चलते और डॉक्टरों की सलाह के अनुसार चंडीगढ में व्यक्तिगत रूप से भले ही उपस्थित न हो पा रही हो लेकिन वर्चुअली चंडीगढ की प्रत्येक गतिविधि से जुड़ी हुई है और उनका सपना है कि चंडीगढ को विश्व स्तरीय शहर बनाया जाए। और शहर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए जनता की भागीदारी बहुत जरुरी है। इसलिए आज इस अभियान की शुरुआत की गई है। मेरा अपने चंडीगढ के सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे शहर की तरक्की के लिए अपने अपने सुझाव हमें अवशय भेजें ताकि हम उन पर अमल करते हुए शहर की तरक्की और विकास में जनता की सहभागिता सुनिश्चित कर सके।

मेरा चंड़ीगढ़ मेरा सुझाव अभियान की लांचिंग में अरुणदीप सिंह,महिंद्र निराला, इंदरजीत कंवर, विक्रमजीत सेठी ,राजेश जसवाल व अभय झा, का विशेष सहयोग रहा।



# दूसरों पर न हावी होने दें अपने खराब मूड को, ऐसे बनाएं रिलेशनशिप को बेहतर

रिश्तों में चल रही परेशानी हो या ऑफिस में काम का बोझ, इन सबका सीधा असर हमारे मूड पर होता है जिसके चलते हम बिना वजह दूसरों से लड़ाई झगड़े करते हैं। अगर ऐसी नौबत बार-बार आ रही है तो संभल जाने की जरूरत है क्योंकि इससे एक नहीं बल्कि कई रिश्ते खराब होने लगते हैं। काम के दौरान अगर इन बातों से ध्यान भटकता हो, तो इन बातों पर गौर करके इसे काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## प्राथमिकताएं तय करें

दिनभर के कामों की सूची बनाएं। इसमें तीन सबसे महत्वपूर्ण कामों को पहले लिखकर उनकी समय सीमा निर्धारित कीजिए। कम महत्व के कामों को आखिर में शामिल कीजिए, ताकि समय न भी बचे, तो कोई खास नुकसान न हो।

## आराम की तकनीक

काम की अधिकता के चलते बार-बार मन भटकता हो, तो अपनी जगह पर ही सीधे बैठ जाइए और गहरी सांसें लेते हुए उन पर ध्यान केंद्रित कीजिए। इससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी और आप काम करने के लिए रीचार्ज हो जाएंगे।

## जगह बदलें

अगर आपको ज्यादातर काम फोन पर ही निबटाने होते हैं और आसपास ध्यान भटकाने वाले कारक मौजूद हैं, तो कुछ देर के लिए जगह बदल लें। फोन पर बातचीत करते समय किसी शांत जगह पर चले जाएं।



## डायरी साथ रखें

मीटिंग में या फोन पर की गई जरूरी बातें याद नहीं रहतीं, तो साथ में एक डायरी रखें। महत्वपूर्ण बातों कोी लखते जाएं, ताकि बाद में कोई चूक न हो। इससे आपके पास हर बात का रिकॉर्ड भी रहेगा।

## एक रुटीन बनाएं

मोबाइल, चाबियां आदि रखने के लिए एक ही स्थान तय होना चाहिए। ऐसा न होने पर अनावश्यक तनाव बढ़ जाता है और दफ़्तर पहुंचकर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है।

# सर्दियों में अधिक धूप सेंकना भी है खतरनाक



सर्दी की दस्तक के साथ ही आईजीएमसी में स्किन ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। रोजाना छह से सात मरीज स्किन ड्राइनेस की समस्या को लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर (स्किन) डॉक्टर जीआर टेगटा ने बताया कि ठंड बढ़ते ही ड्राइनेस जैसी समस्या लोगों को हो रही है। लोगों के हाथ में नीलापन की समस्या देखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि खुश्क ठंड में यह समस्या और भी विकराल हो जाती है। इससे शरीर में कई प्रकार की बीमारियां पैदा होती हैं। सर्दियों में ज्यादा धूप सेंकने पर भी कई प्रकार की बीमारियां होती हैं। ज्यादा धूप सेंकने पर आंखों के सामने काली छाइयां और मुंह में रेशेस के अलावा पॉलीमर फिसलाइट इंफेक्शन जैसी समस्या होती है।

### इस तरह भी होती है स्किन ड्राइनेस-

गर्म पानी में हाथ धोने से भी होती है ड्राइनेस
सर्दियों में रोज-रोज साबुन का इस्तेमाल
वातावरण में खुश्की होना।
इस तरह बचें खुश्की से-
गरी के तेल की मालिश करें।
साबुन का इस्तेमाल कम करें।
एंटीसेप्टिक डिटॉल को पानी में न डालें, इसके इस्तेमाल से बचे।

# मुश्किल विचारों को आसान बना सकते हैं इन तरीकों से



बहुत बार हमारे विचार मुश्किल के मुश्किल ही बने रहते हैं। बहुत कोशिशों के बाद भी वे आसान नहीं बनते। जानिए कुछ तरीकों के बारे में जो मुश्किल विचारों को आसान बना सकते हैं।

1. अपने विचारों को कुछ फिल्टर से निकालने की कोशिश करें। जैसे- क्या यह विचार सच है। क्या इस विचार से किसी को फायदा मिल रहा है। क्या इससे किसी का नुकसान तो नहीं हो रहा है।
2. खुद के साथ वैसा ही बर्ताव करें जैसा आप अपने सबसे करीबी मित्र के साथ करते हैं। खुद को हर समय बेस्ट ट्रीटमेंट दें।
3. खुद को सकारात्मक सांत्वना दें। जैसे आप अच्छे व्यक्ति हैं। अच्छे दिखते हैं। काम भी अच्छा करते हैं। आप में कई ऐसी खूबियां हैं जो दूसरे लोगों में नहीं हैं।
4. मुश्किल परिस्थितियों को साधारण से साधारण बनाने की कोशिश करें। अच्छे विचार आएंगे।
5. हर व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई कहानी होती है। उसे जानने की कोशिश करें।

# गंगटोक: प्रकृति और बौद्ध संस्कृति से दोस्ती का शहर



पूर्वी हिमालय रेंज में शिवालिक पहाड़ियों के ऊपर 1437 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गंगटोक सिक्किम जाने वाले पर्यटकों के बीच एक प्रमुख आकर्षण है। साल 1840 में एनचेय नाम के मठ के निर्माण के बाद, गंगटोक शहर प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थल के रूप में लोकप्रिय होना भी शुरू हो गया।

1947 में स्वतंत्रता के बाद सिक्किम एक स्वतंत्र राजशाही के रूप में कार्य करता रहा। बाद में 1975 में गंगटोक को देश के 22वें राज्य की राजधानी घोषित किया गया था। और आज, सिक्किम कई रोचक बातों के लिये जाना जाता है। सिक्किम के पर्यटन का मुख्या आधार तिब्बिती बौद्ध संस्कृनति को सीखने का मुख्या केंद्र है, गंगटोक शहर के इतिहास के बारे में ज्यादा कुछ ज्ञात नहीं है।

हालांकि, पहले के रिकॉर्ड की तिथि जो गंगटोक के अस्तित्व के बारे में बात करती है वो 1716 का साल है। उस साल हर्मिटिक गंगटोक मठ का निर्माण हुआ था। और जब तक शहर में प्रसिद्ध एंचेय मठ का निर्माण हुआ, गंगटोक काफी अनन्वेषित था। हालांकि, वर्ष 1894 में इस जगह को सिक्किम की राजधानी घोषित किये जाने के साथ इसका महत्व बढ़ना शुरू हुआ। शहर ओग गंगटोक पहाड़ी के एक तरफ स्थित है। गंगटोक में पहाड़ी के किनारे पर एक छोर पर राज्यपाल का निवास और अन्य पर एक महल स्थित है। गंगटोक के पूर्व और पश्चिम की ओर रोरो चू और रानी खोला झरने बहते हैं। ये धारायें रानीपुल से मिलती हैं जो आगे दक्षिण में बहती हैं।

दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट कंचनजंगा गंगटोक के पश्चिमी ओर से देखी जा सकती है। शहर में जलवायु इतनी अनुकूल है कि पर्यटक घूमने के लिये साल में कभी भी गंगटोक आ सकते हैं। यहां साल भर मौसम खुशनुमा रहता है। सर्दियों में यहां बहुत ठंड होती है। कभी-कभार बर्फबारी भी हो जाती है। मॉनसून और सर्दियों में मौसम कोहरे से भरा रहता है।

## गंगटोक की संस्कृति

गंगटोक में प्रचलित संस्कृति खूबसूरत और अनूठी है। शहर लोकप्रिय हिन्दूत त्यो हार दीवाली, दशहरा, होली और क्रिसमस की तरह विभिन्न स्थानीय त्योहार भी मनाता है। गंगटोक में तिब्बतियों के लिए नववर्ष समारोह जनवरी और फरवरी के आसपास होता है। उसे लोसर कहा जाता है और यह पारंपरिक शैतान डांस के साथ मनाया जाता है। शहर में लेपचाओं और भूटिया के लिए नया साल जनवरी में शुरू होता है। गंगटोक में माघ संक्रान्ति और रामनवमी भी दो महत्वपूर्ण नेपाली त्योकहार हैं, जो धूम धाम से मनाये जाते हैं। कुछ अन्य उत्सव, जो गंगटोक में लोग मनाते हैं वो हैं दलाई लामा का जन्मदिन द्रुपका तेशी, छोटरुल ड्यूचेन, बुद्ध जयंती, लूसोंग, सागा दावा, लबाब ड्यूचेन और भुमचू।

## जायें तो यह खायें

आप जब भी यहां आएं तो मोमोज खाना मत भूलें, क्योंककि यह यहां सबसे लोकप्रिय भोजन है। यह पकी हुई सब्जियों को आटे में लपेट कर भांप में पकाया जाता है और सूप के साथ परोसा जाता है। वा-वाई यहां का एक और लोकप्रिय भोजन है, जो नूडल्स से बनता है। गंगटोक में उपलबध नूडल से बने अन्या लोकप्रिय भोजनों में थुपका, चाउमिन, थनथुक, फकथू वानटन और ग्यासथुक शामिल हैं। इसके अलावा, सिक्किम पर्यटन विभाग दिसंबर के महीने में गंगटोक में हर साल एक वार्षिक खाद्य एवं संस्कृति उत्सव का आयोजन करता है। इस उत्सव में सिक्किम के बहु सांस्कृनतिक व्यंहजनों के स्टॉषल लगाये जाते हैं, जहां पारंपरिक ढंग से उन्हेंद सजाया जाता है। इस मौके पर दर्शकों के मनोरंजन के लिये संगीत एवं लोक नृत्य के प्रदर्शन किये जाते हैं। यह समारोह शहर में एमजी मार्ग पर टाइटैनिक पार्क में आयोजित किया जाता है।

## चारों ओर पर्यटन स्थल

सिक्किम की राजधानी होने के नाते गंगटोक शहर में दिलचस्पो और महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। इनमें से कुछ में शामिल हैं जैसे एंचेय मठ, चंगू झील, नाथूला दर्रा, नामग्याल तिब्बहतशास्त्रह के संस्थान, ड्रल चोर्टन, गणेश टोक हनुमान टोक, सफेद दीवार, रिज गार्डन, हिमालय चिड़ियाघर पार्क, एमजी मार्ग और लाल बाजार और रुमटेक मठ।

## कब जाएं गंगटोक

यह जगह घूमने के लिये पूरे साल तक वातावरण अच्छा रहता है। इसलिए कड़ाके की सर्दी यानि दिसंबर-जनवरी को छोड़कर किसी भी मौसम में यहां आया जा सकता है।

## कैसे पहुंचे गंगटोक

आप गंगटोक वायु, रेल या सड़क मार्ग के माध्यम से गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। यहां का निकटतम हवाई अड्डा बागडोगरा है। यहां से सड़क मार्ग द्वारा गंगटोक पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा न्यू जलपाइगुड़ी रेलवे स्टेशन सबसे निकटतम है। जो देश के तमाम बड़े शहरों से जुड़ा है। यहां से बस या फिर टैक्सी के द्वारा गंगटोक तक पहुंचा जा सकता है।

# सुंदरता और स्वास्थ्य का अच्छा दोस्त है नारियल पानी



हरा नारियल शीतल प्रकृति का पुष्टिकारक व रक्त विकारों को नष्ट करने वाला फल है। नारियल का पानी प्यास बुझाने में सहायक होता है। नारियल का पानी गुणों का भंडार है। इसके नियमित सेवन से कई लाभ हैं...

-हैजा होने पर नारियल का पानी देना लाभकारी होता है। शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में मदद देता है।

-गुर्दे की पथरी या पेशाब में जलन होने पर नारियल का पानी पीना हितकर है।

-नारियल के पानी से चेहरा धोने पर दाग-धब्बे, कील मुंहासे आदि में लाभ होता है और त्वचा की कांति बढ़ती है।

-गर्भवती महिलाएं यदि कच्चा नारियल थोड़ा सा प्रतिदिन लें या नारियल पानी का सेवन करें तो बच्चा सुंदर और गोरे रंग का होता है।

-नारियल पानी से आंखें धोने पर आंखों की ज्योति बढ़ती है।

-नारियल पानी के सेवन से पाचन शक्ति बढ़ती है।

-नारियल पानी हृदय रोगियों के लिये भी हितकर माना जाता है।

-नकसीर आने पर प्रतिदिन 100 से 125 मिलीलीटर नारियल पानी दस दिन तक खाली पेट पीने को दें। लाभ मिलता है। नारियल पानी संक्रामक रोगों में भी रोगी को आराम देता है।

-बार-बार प्यास लगने पर नारियल का पानी प्यास बुझाता है।

-नारियल पानी में यह सबसे महत्वपूर्ण लाभ है कि इसमें किसी प्रकार का कोई एसिड मिला नहीं होता।

-नारियल पानी स्वास्थ्य लाभ में पूर्ण रूप से फायदेमंद है।

-अत्यधिक सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। अधिक लंबे समय तक इसका सेवन न करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) RNI Title code-JHAHIN01027